हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 22 अप्रैल 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 पुलिस चौपाल पहल को नागरिक सेवा और सूचना...



07 रजवारा में 51 जोड़ों का सर्वजातीय सामूहिक ...



## खबर संक्षेप

### पृथ्वी दिवस पर आज ग्राम किलोना में जल संगोष्ठी का आयोजन

**नलखेड़ा।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को तहसील के ग्राम किलोना में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जल संगोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के उपाध्यक्ष मोहन नागर बुधवार को आगर-मालवा जिले के भ्रमण पर रहेंगे। नागर इस दिन रायपुरिया से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे आगर पहुंचकर आऊ नदी उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना और श्रमदान करेंगे एवं विश्व पृथ्वी दिवस पर जल संगोष्ठी में शामिल होंगे। दोपहर 12:15 बजे नगर विकास समिति आगर द्वारा संचालित प्याऊ का उद्घाटन करेंगे। 2:30 बजे ग्राम किलौना का भ्रमण एवं जल संगोष्ठी में शामिल होंगे। 3:30 बजे मां बगुलामुखी मंदिर नलखेड़ा पहुंचकर मां बगुलामुखी के दर्शन-पूजन करेंगे।

### बुधवार से होगी विमला देवी राय इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर सीनियर खिलाड़ी आदर्श राय और राय परिवार के तत्वाधान में बुधवार की सुबह से होने वाली विमला देवी स्मृति इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसके लिए मैदान पर ही आक्शन में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी पाइंट आधारित थी। इसमें प्रतियोगिता में सबसे अधिक 25 लाख पाइंट में युरेश भारती को टीम ने लिया है। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, मध्यप्रदेश युवा मोर्चा के सह मीडिया प्रभारी ऋषि सोनी आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। लीग प्रतियोगिता में चार टीम को चयन किया गया है। इसमें कृष्णा ब्लास्टर के आनर वीरेन्द्र वर्मा, अभिषेक परसाई है, इसके अलावा टीम के कप्तान उज्जवल पालीवाल, क्रिसेंट वारियर्स के आनर आशीष मेवाड़ा है और कप्तान विकास सास्ता, गणेश टायर के आनर दीपक तोमर और कप्तान आदित्य अग्रवाल, इंटीग्रिटी सॉल्यूशन टीम के आनर हितेश केसरिया और कप्तान विपिन वर्मा को शामिल किया गया है। डीसीए के मीडिया प्रभारी रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रमोद पटेल क्रिकेट अकादमी के द्वारा मैदान पर होने वाली 15 दिवसीय यह लीग प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच 50-50 ओवर के होंगे और प्रत्येक टीम छह-छह मैच खेलेगी।

### हजारों की संख्या में पहुंचे परिजन और मेहमान मूलभूत सुविधाओं के लिए घंटों परेशान होते नजर आए

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में बदइंतजामी गर्मी में पानी, शौचालय और छांव को तरसे लोग

### डस्टबिन तक नहीं, टैंकर का गर्म पानी पीने को मजबूर मेहमान, जमीन पर लेटते दिखे लोग, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत रविवार, 19 अप्रैल को जनपद पंचायत भैरूंदा नगर के दशहरा मैदान पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन एक ओर जहां 200 जोड़ों के परिणय सूत्र में बंधने का साक्षी बना, वहीं दूसरी ओर अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक लापरवाही की तस्वीरें भी खुलकर सामने आईं। हजारों की संख्या में पहुंचे परिजन और मेहमान मूलभूत सुविधाओं के लिए घंटों परेशान होते नजर आए।

दूर-दराज से आए वर-वधु और उनके परिजन दोपहर 4 बजे से ही आयोजन स्थल पर पहुंचने लगे थे, लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त छांव मिल सकी और न ही बैठने या ठहरने की समुचित व्यवस्था। भीषण गर्मी के बीच लोग खुले मैदान में इधर-उधर भटकते रहे। कई बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे थकान से चूर होकर जमीन पर ही लेटते दिखे।

पेयजल व्यवस्था सबसे ज्यादा चरमराई नजर आई। आयोजन स्थल पर पानी की केन तो रखी गई थीं, लेकिन उनमें टैंकर का गर्म पानी भरा हुआ था। प्यास से बेहाल लोग मजबूरी में वहीं पानी पीने को विवश रहे। कुछ लोग हैंडपंप तक जाकर पानी पीते नजर आए। गर्मी के इस दौर में ठंडे पानी की व्यवस्था न होना प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े करता है। स्वच्छता के मोर्चे पर भी स्थिति बेहद खराब रही। हजारों लोगों की भीड़ के बावजूद कचरा प्रबंधन के कोई इंतजाम नहीं किए गए। आयोजन स्थल पर डस्टबिन तक नहीं रखे गए, भोजन के पैकेट मिले लोगों ने भोजन करने के बाद कचरा वहीं डाल दिया गया, जिससे चारों ओर गंदगी फैली रही। लोग कचरे के बीच ही बैठने और आराम करने को मजबूर दिखे। एक ओर प्रशासन स्वच्छता अभियान को लेकर जागरूकता का दावा करता है, वहीं इतने बड़े आयोजन में इसकी अनदेखी चिंताजनक रही।

शौचालय व्यवस्था भी नाकाफी साबित हुई। पूरे कार्यक्रम में केवल एक शौचालय वाहन उपलब्ध कराया गया, जो हजारों लोगों के लिए अपर्याप्त रहा। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को शौच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा, जिससे उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने खुले में जाने की मजबूरी भी जताई। बारिश और धूप से बचाव के नाम पर भी केवल औपचारिकता निभाई गई। टेंट लगाने के बजाय सिर्फ पाइप खड़े कर दिए गए, जिससे आयोजन स्थल पर पर्याप्त छाया की व्यवस्था नहीं हो सकी।

वहीं ठहरने की कोई सुविधा न होने के कारण लोग खुले आसमान के नीचे ही समय बिताने को मजबूर रहे। धार्मिक व्यवस्थाओं में भी खामियां सामने आईं। पूजन सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं थी और विवाह में उपयोग होने वाला पारंपरिक मानक खंभ भी निर्धारित स्वरूप में नहीं दिखा। इसको लेकर कई परिजनों ने नाराजगी जताई और आयोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाए।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंच से संबोधन के बाद कार्यक्रम औपचारिक रूप से संपन्न हुआ, लेकिन व्यवस्थाओं की खामियों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। कार्यक्रम समाप्त होते ही अधिकांश जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्थल से रवाना हो गए, जिसके बाद व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी केवल सीमित पुलिस बल पर छोड़ दी गई।



**भैरुंदा।** टैंकर से केन में पानी भरते हुए, ठंडे पानी की जगह दिनभर तपती धूप का गर्म पानी पिलाते हुए।



**भैरुंदा।** कचरे के बीच जमीन पर बिछात कर थकान दूर की, स्वच्छता की खुलेआम हुई अवहेलना



**भैरुंदा।** भीषण गर्मी में हैडपंप से ठंडे पानी से अपनी प्यास बुझाने के लिए बोतल में पानी भरते हुए लोग




**भैरुंदा।** वर-वधु के साथ दूरदराज़ से आए रिश्तेदार जमीन पर बिछात की ओर खुले आसमान में नीचे ही सोते दिखाई दिए।

# नगर में हो रहा गंदा, बदबूदार जल प्रदाय, रहवासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के कुछ वार्डों में गत कुछ दिनों से गंदा, बदबूदार जल प्रदाय हो रहा है। इंदौर में दूषित जल प्रदाय की घटना से सबक नहीं लेते हुए नगर में इस प्रकार का जल प्रदाय करना किसी घटना को आमंत्रित करने के समान है। नगर के वार्ड 2 के निवासी रचित खंडेलवाल एवं वार्ड 5 के निवासी अखिलेश नीमा सहित वार्ड 4 व अन्य वार्ड के रहवासियों ने बताया कि विगत कुछ दिनों से नगर परिषद द्वारा किए जा रहे जल प्रदाय का पानी गंदा होने के साथ साथ बदबूदार भी है। इसे किसी बर्तन में भरने पर इसका रंग ही हरा दिखाई दे रहा है। नीमा ने बताया कि पानी मे से ऐसी बदबू आती है जैसे यह सेप्टिक टैंक का पानी हो। रहवासियों द्वारा नगर में साफ व स्वच्छ जल प्रदाय की मांग की गई है।





### पार्षद ने दी आंदोलन की चेतावनी

वार्ड 4 के कांग्रेस पार्षद देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि दूषित जल प्रदाय के संबंध में नगर परिषद कर्मचारियों से चर्चा की गई है। जिन्होंने दो दिन में साफ जल प्रदाय का आश्वासन दिया है। उन्होंने दो दिन बाद साफ जल प्रदाय नहीं होने पर वार्डवासियों के साथ आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मामले में नगर परिषद सीएमओ मिनी अग्रवाल से चर्चा करना चाहा तो पहले उनके द्वारा देखकर बताने की बात कही गई। पुनः फोन लगाने पर रिसीव नहीं किया गया।

### लखुंदर नदी से हो रहा जल प्रदाय

नगर में नगर परिषद द्वारा लखुंदर नदी का पानी फिल्टर प्लांट में फिल्टर कर जल प्रदाय किया जा रहा है। पानी फिल्टर करने के लिए नगर परिषद के पास दो फिल्टर प्लांट है। बताया जा रहा है कि लखुंदर नदी में जल कुंभी एवं काई जमा हो गई है जिसके कारण उसका पानी बदबू मार रहा है वहीं जल कुंभी व काई के चलते पानी का रंग भी बदल गया है। नगर परिषद द्वारा कुंडालिया बांध के जल संग्रहण क्षेत्र ढाबला से एक छोटी पाइपलाइन डाल रखी है जिसे अभी चालू नही किया गया है। यदि लखुंदर नदी के पानी में बदबू आ रही है तो उक्त पाइपलाइन को चालू कर नगर में साफ व स्वच्छ जल प्रदाय किया जा सकता है।

### बुधनी खिलौना क्लस्टर का भारतीय विदेश सेवा अधिकारियों ने किया भ्रमण

**सीहोर।** भारतीय विदेश सेवा (IFS) के अधिकारियों के एक दल ने बुधनी स्थित खिलौना क्लस्टर का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय खिलौना कारीगरों से सीधे संवाद कर पारंपरिक खिलौना निर्माण की विधियों, उपयोग में आने वाले कच्चे माल तथा व्यापारिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।




### चंदनबाला श्रीजी ने विचक्षण श्रीजी के जीवन के सस्मरण सुनाए

# विचक्षण श्रीजी की 46 पुण्यतिथि पर दादा गुरुदेव पूजन गुणानुवाद सभा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा विचक्षण श्री जी म.सा. की 46 पुण्यतिथि निमिते दादा गुरुदेव पूजन एवं गुणानुवाद सभा का कार्यक्रम रखा गया। चंदनबाला श्रीजी महाराज साहब आदि साध्वी मंडल के पावन सानिध्य में मंगलवार को जैन आराधना भवन हनुमान मंडी पर विचक्षण श्री जी म.सा. की 46 पुण्यतिथि निमिते दादा गुरुदेव पूजन लाभार्थी शांतिलाल मनोज कुमार फाफरिया परिवार की ओर से रखी गई। साथ ही गुरु गुणानुवाद सभा का आयोजन प्रातः 9 बजे से रखा गया।

इस दौरान विचक्षण श्री जी म.सा. के चित्र के समक्ष दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष जयंत धूपिया, वरिष्ठ समरथमल मुणोत, प्रेमचंद सकलेचा, शांतिलाल फाफरिया, राजेंद्र सकलेचा, मांगीलाल बडेरा, मनोज फाफरिया राजेश नारेलिया आदि द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर गुरूवर्या चंदनबाला श्रीजी म.सा. द्वारा विचक्षण श्री जी म.सा. के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के सस्मरण सुनाते हुए बताया कि गुरूवर्याश्री के तन में कैंसर जैसी व्याधि होने के बावजूद उनके मन में हमेशा ही समाधि के भाव रहते थे। अमरावती महाराष्ट्र में आप श्री का जन्म हुआ था। वैशाख सुदी पंचमी को मोती डूंगरी दादावाड़ी जयपुर में आपने अपने पार्थिव शरीर का त्याग किया था। गुरूवर्या ने अपने जीवन में संघ व समाज के संगठन के लिए कई कार्य किए। वहीं कई स्थाई धरोहर भी समाज को दी है। पुण्यतिथि के निमित्त मंगलवार को ही सामूहिक आयंबिल का कार्यक्रम 12 बजे रखा गया।

## खबर संक्षेप

### सिख समाज के वरिष्ठ अरोरा का निधन



**कांटाफोड़।** सिख समाज के वरिष्ठ एवं भाजपा के पूर्व पार्षद अनिल अरोरा का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन पर स्थानीय मुक्तिधाम में नगर के वरिष्ठ जनों नेताओं एवं सिख समाज सहित सेकड़ो लोगो ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अवैध शराब तस्करी के आरोपी गिरफ्तार

**चापडा।** ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत एसडीओपी संजय सिंह बैस, थाना प्रभारी दीपक यादव के नेतृत्व में पुलिस चौकी करनावद अंतर्गत इन्दौर बैतुल हाईवे मार्ग पर मंसूर के ढाबे के पास मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई की। चौकी प्रभारी चिंतामण चौहान ने बताया कि ग्राम इकलेरा तरफ से आ रही एक सफेद कलर की ब्रेजा कार की घेराबंदी कर पकड़ा गया। ब्रेजा कार की ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछने पर राजीव पिता दिनेश कुमार यादव उम्र 27 साल निवासी करोद चौराहा थाना निशातपुरा जिला भोपाल का होना बताया। उक्त कार की तलाशी में कुल 330 माउंट बीयर की केन कुल मात्रा 165 लीटर शराब कुल कीमती करीबन 37,950 की शराब रखी होना पायी गयी। इस प्रकार कुल शराब 165 लीटर किमती 37,950 ब्रेजा कार कुल मश्रुका 8,37,950 जब्त किया।

### देवास पुलिस की पुलिस चौपाल पहल को मिला सीएम एक्सीलेंस अवार्ड

# पुलिस चौपाल पहल को नागरिक सेवा और सूचना प्रौद्योगिकी को सुशासन श्रेणी में चुना

### जनभागीदारी से बदली पुलिसिंग की तस्वीर, अपराध नियंत्रण में मिला शानदार परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्यप्रदेश पुलिस के लिए गौरव का क्षण तब आया जब देवास पुलिस की नवाचार आधारित सामुदायिक पहल "पुलिस चौपाल" को वर्ष 2025 का सीएम एक्सीलेंस (इनोवेशन) अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में दिया गया।समारोह में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कश्यप मुख्य अतिथि रहे। मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रदेशभर के आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारी उपस्थित रहे। सभी जिलों के कलेक्टर एवं संभागायुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।सीएम एक्सीलेंस अवार्ड" के तहत देवास पुलिस की "पुलिस चौपाल" पहल को नागरिक सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन श्रेणी में चुना गया। इस उपलब्धि के लिए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत एवं प्रधान आरक्षक शिवप्रताप सिंह सेंगर को संयुक्त रूप से 1 लाख रुपए, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।"पुलिस चौपाल" एक ऐसा मॉडल बनकर उभरा है, जिसने पुलिस और जनता के बीच भरोसे की नई मिसाल कायम की है। 1 नवम्बर 2024 से 28 फरवरी 2026 तक 2807 चौपालों के माध्यम से करीब 94 हजार से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत 10 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाकर 46 ग्राम पंचायत और 2 नगर पंचायतों को पूर्ण सुरक्षा कवरेज में लाया गया।सायबर अपराध नियंत्रण में भी इस पहल ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस चौपालों के जरिए 214 संभावित डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं रोकी गईं और करीब 2 करोड़ 14 लाख रुपए की ठगी राशि वापस दिलाई गई। साथ ही 1100 व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से 22 हजार युवाओं को जोड़कर डिजिटल कम्युनिटी नेटवर्क मजबूत किया गया।इस नवाचार का असर साफ दिखाई दे रहा है। जिले में हत्या, हत्या के प्रयास, छेड़छाड़ और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में कमी आई है, वहीं चोरी के मामलों में गिरावट और रिकवरी दर में वृद्धि दर्ज की गई है।समारोह में प्रशासनिक मूल्यों—निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनसेवा—पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम का समापन मध्यप्रदेश पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ हुआ।



# चौकी के सामने खतरनाक गड्ढा बना हादसों का कारण

### ग्रामीणों ने खुद लगाया स्पीड ब्रेकर




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर-बैतूल हाईवे पर वन चौकी के सामने बने गहरे गड्ढे ने राहगीरों की मुसीबत बढ़ा दी है। लंबे समय से सड़क पर बने इस गड्ढे के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जानकारी अनुसार, इस मार्ग का मेंटेनेंस कार्य श्रीजी कंपनी को सौंपा गया है, जिसके लिए सरकार द्वारा भारी बजट भी स्वीकृत किया गया है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने से वाहन चालकों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

खासकर बाइक सवारों के लिए यह गड्ढा जानलेवा साबित हो रहा है, क्योंकि दूर से यह दिखाई नहीं देता और अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ जाता है।स्थानीय निवासी अरुण वैष्णो और जितेंद्र यादव ने बताया कि यहां रोजाना बाइक सवार गिर रहे हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

वहीं कई छोटी कारों को भी नुकसान पहुंच चुका है। गणेशदास वैष्णव के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाले लोग हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका से डरे रहते हैं।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने खुद पहल करते हुए गड्ढे के पास स्पीड ब्रेकर रख दिया है, ताकि वाहन चालकों को सतर्क किया जा सके। हालांकि, शादी-विवाह के सीजन में यातायात बढ़ने से खतरा और भी बढ़ गया है। गड्ढे से बचने के प्रयास में कई वाहन चालक रॉन्ग साइड से निकलते हैं, जिससे आमने-सामने टक्कर का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गड्ढे की मरम्मत कर सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू न होने पर उठे सवाल कांग्रेस ने बताया महिला आरक्षण के नाम पर छलावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त ने जिला समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में पास होने के बावजूद अब तक लागू नहीं किया गया, जो महिलाओं के साथ अन्याय है।उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार इसे नए परिसीमन और लोकसभा सीटों में वृद्धि के प्रस्ताव के साथ जोड़कर लाना चाहती थी। उनके अनुसार, इसके पीछे राजनीतिक लाभ का उद्देश्य था—जहां सत्ताधारी दल मजबूत है वहां सीटें बढ़ाना और जहां विपक्ष मजबूत है वहां सीटें कम करना।दत्त ने कहा कि विपक्षी दलों ने इस प्रस्ताव को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि यदि महिलाओं को आरक्षण देना है, तो 2023 में पारित 33% आरक्षण वाले अधिनियम को सीधे लागू किया जाए। उन्होंने दोहराया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण के पक्ष में रही है और आगे भी रहेगी।बैठक में संगठनात्मक एकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता, बल्कि व्यक्ति अपने कार्य और विचारों से बड़ा बनता है। ईमानदारी से काम करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता को उसके प्रदर्शन के आधार पर अवसर मिलेगा।

इस दौरान जिला प्रभारी सदाशिव यादव ने भी संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी ने संगठन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।बैठक में कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का स्वागत एवं नई जिम्मेदारियां पाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

# ठेका आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण विरूद्ध रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश आव्हान पर मध्यप्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष कुलदीपसिंह राजपूत ने बताया कि विद्युत मंडल सिटी डिविजन से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय, भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़, म.प्र. कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय, ओमप्रकाश रघुवंशी, जिला मंत्री अमित पांडे ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश के बाह्यस्त्रोत/आउटसोर्स कर्मचारियों हेतु सरकार स्तर पर ठोस नीति बनाकर सामाजिक सुरक्षा एवं उचित वेतन सुनिश्चित किया जाए। आऊटसोर्स/ठेका कर्मचारियों से संबंधित श्रम कानूनों का समुचित पालन सुनिश्चित किया जाए। कानूनों का पालन ना होने पर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाए। 08 घन्टे से अधिक कार्य करने पर अतिरिक्त समय का नियमानुसार भुगतान किया जाए। आऊटसोर्स कर्मचारियों को सीधे विभाग/संस्था से वेतन भुगतान की जा कर बिचौलिया प्रथा बन्द किया जाए जैसी अन्य कई कर्मचारियों हितों की मांगों के साथ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह चौहान, शिव पाटीदार, चेतन सेंधव, रामलखन अजमेरी, राकेश परमार, सचिन पटेल, अंकित चौधरी, राजेश पंवार, देवेंद्र, धर्मेंद्र यादव, विजेंद्र जसोना, पंकज बालोदिया, धीरज प्रजापत, तेजकरण , बलराम सोलंकी,गोपाल राठौर, जीतेन्द्र कुशवाह, देव प्रकाश, अजय सिंह अरुण यादव, धरम सिंह, अर्जुन बामनिया,नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड ने किया तथा आभार कुलदीपसिंह राजपूत ने माना।

# इंदौर में वंदे मातरम गान पर विवादित बयान के बाद देवास में हुई गुप्त बैठक में पार्षद की हुई पेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




इंदौर नगर निगम में बजट सत्र के दौरान हुआ वंदे मातरम विवाद अब सियासी से ज्यादा कानूनी रूप ले चुका है। राष्ट्रीय गीत गाने से इनकार करने वाली दो महिला पार्षदों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद अब कांग्रेस संगठन ने भी सख्ती दिखाई है। इसी सिलसिले में मंगलवार को देवास में एक हाई-प्रोफाइल गुप्त बैठक बुलाई गई।

इंदौर नगर निगम के 8 अप्रैल के बजट सत्र में धार्मिक कारणों का हवाला देकर 'वंदे मातरम' गाने से इनकार करने वाली पार्षद फौजिया शेख अलीम और रुबीना इकबाल खान की मुश्किलें अब चौतरफा बढ़ गई हैं। भाजपा पार्षदों के भारी हंगामे और वीडियो साक्ष्यों के आधार पर इंदौर पुलिस ने दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस बीच, कांग्रेस आलाकमान ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के निर्देश पर एक विशेष जांच कमेटी गठित की है। देवास में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के निजी स्कूल में आयोजित एक गुप्त बैठक में कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव उषा नायडू और प्रदेश सह-प्रभारी संजय दत्त ने आरोपी पार्षद को तलब किया। यहाँ हुई 'वन-टू-वन' चर्चा में पार्षद से इस पूरे बवाल पर लिखित और मौखिक सफाई मांगी गई। हालांकि, इस अहम सुनवाई के बाद बाहर निकले किसी भी नेता या पार्षद ने मीडिया के तीखे सवालों का जवाब नहीं दिया और सभी खामोशी से रवाना हो गए। अब सबकी निगाहें कमेटी की उस रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो एक हफ्ते के भीतर आलाकमान को सौंपी जाएगी। अब देखना यह होगा कि राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बन चुके इस विवाद में कांग्रेस अपने पार्षदों पर कोई बड़ी कार्रवाई करती है या फिर उन्हें कानूनी राहत दिलाने के लिए संगठन साथ खड़ा होता है।

# ग्राम काकड़दा में संस्था प्रह्लाद द्वारा आयोजित हो रही श्री राम कथा, उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम काकड़दा में संस्था प्रह्लाद एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित रुद्र यज्ञ, श्री खाटूश्याम शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना रहा है।कथा वाचक श्री राम जाने श्रद्धालुओं को श्री राम कथा का रसपान करा रहे हैं। वहीं यज्ञ आचार्य पंडित विजय द्विवेदी द्वारा विधि-विधान से यज्ञ सम्पन्न कराया जा रहा है। आयोजन में चंद्रदत्त पुरी महाराज का सान्निध्य भी प्राप्त हो रहा है।कथा के दौरान राम जाने ने कहा कि व्यक्ति को "घर में अच्छे चित्र और बाहर अच्छे मित्र" रखने चाहिए, क्योंकि संगति ही चरित्र निर्माण का आधार होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे फैशन, व्यसन और फिजूल खर्चों से दूर रहें तथा माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करें। 23 अप्रैल को शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, महाआरती एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अनिल सिकरवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह तालोद, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष विजय परमार, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश इनानी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन में डॉ. रूपसिंह नागर (अध्यक्ष) एवं सुमेरसिंह नागर (संयुक्त सचिव) सहित समस्त ग्रामवासी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा की प्रेस वार्ता में विपक्ष पर किया तीखा प्रहार

# विधेयक देश की आधी आबादी के सम्मान और अधिकार से जुड़ा: वानखेड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संशोधन प्रस्ताव के संसद में पारित नहीं होने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय देवास में मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में सांसद एवं प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया।सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि यह विधेयक देश की आधी आबादी के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि संसद में जो हुआ, वह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम है।

उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि "महिला विरोधी गठबंधन" ने इस ऐतिहासिक अवसर को बाधित कर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने का जो संकल्प लिया है, वह किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं पड़ेगा।वानखेड़े ने यह भी जोड़ा कि उज्ज्वला योजना, जन-धन खाते, मातृत्व सुरक्षा योजनाएं और तीन तलाक जैसे फैसलों ने महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है, जबकि विपक्ष केवल बयानबाजी तक सीमित रहा है।भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों का इतिहास महिलाओं के अधिकारों के विरोध से भरा पड़ा है।उन्होंने कहा कि "विपक्ष का यह रवैया दर्शाता है कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण केवल एक चुनावी मुद्दा है, न कि वास्तविक प्रतिबद्धता।"डॉ. सेंधव ने कहा कि संसद में विधेयक को रोकना लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को बाधित करने जैसा है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं को 'शक्ति' मानकर नीतियां बनाई हैं और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया है।उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि देश की महिलाएं इस घटनाक्रम को देख रही हैं और समय आने पर इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देंगी।प्रेस वार्ता में नेताओं ने स्पष्ट किया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मुद्दा अब जन-आंदोलन का रूप लेगा। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं इस घटनाक्रम को समझ रही हैं और भविष्य में इसका असर चुनावों में भी दिखाई देगा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री ललिता पुर्वया, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव मनीष सोलंकी विजय सिंह पवार, जिला उपाध्यक्ष महेश चोहान, मनोरमा सोलंकी, मोनिका शर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार एवं सह मीडिया प्रभारी प्रतीक सोलंकी द्वारा किया गया।

### इंदौर में हुए कार्यक्रम में चौधरी को किया सम्मानित



**चापडा।** कवि कला व कलाकार कल्याण कोष का आयोजन हिंदी साहित्य समिति इंदौर में 19 अप्रैल को विभिन्न विधाओं शिक्षा, चिकित्सा, विधि समाज, सेवा रक्षा खेल, अभिनव कवि संगीत कला तथा अन्य विधियों अन्य वीडियो में 111 विद्वान विदुषी और विशिष्ट विभूतियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। सेवानिवृत्ति वरिष्ठ शिक्षक और समाजसेवी सुनील कुमार चौधरी का भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि योगेंद्र महंत पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश शासन संयुक्त संचालक शिक्षा अनीता चौहान, वैष्णव समाजसेवी जगदीश पचौरी जय दुबे के आदित्य में यह कार्यक्रम शानदार संपन्न हुआ। चौधरी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचारों का प्रयोग कर दूरस्थ क्षेत्र में छात्र प्रतिशत विद्यार्थी की उपस्थिति शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम और ट्यूशन प्रथा पर नियंत्रण तथा अंतरराष्ट्रीय गायत्री परिवार में संभाग में संस्था की महत्वपूर्ण भागीदारी का विशेष प्रयास कर सफलता अर्जित किया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक जितेंद्र शिवहरे,एलन पुरोहित का योगदान रहा।

# सामाजिक समरसता की बनी मिसाल

# रजवारा में 51 जोड़ों का सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनपद मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम रजवारा में बुधवार को एक भव्य, ऐतिहासिक एवं समाज को एकता का संदेश देने वाला सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस पुनीत आयोजन का नेतृत्व गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी द्वारा किया गया, जिसमें गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के 51 वर-वधुओं का पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम स्थल पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

आकर्षक सजावट और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के बीच विवाह समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहारा मिला, वहीं समाज में समानता, सहयोग और भाईचारे का सशक्त संदेश भी प्रसारित हुआ। मुख्य अतिथि गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसी पहलें समाज के सभी वर्गों को जोडन्े का कार्य करती हैं और इसे निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक सौरभ सिंह लोधी ने बताया कि यह आयोजन लगातार चौथी बार सफलतापूर्वक आयोजित किया गया है, जो क्षेत्रवासियों और सहयोगियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने सभी आगंतुकों, समाजसेवियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री भारत सरकार प्रदीप जैन आदित्य, पं. बालकृष्ण नायक, पं.सुनील शर्मा, जयेश बादल, सौरभ गोस्वामी पत्रकार, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, जिला पंचायत सदस्य रामू कुशवाहा, ग्राम प्रधान रजवारा महेश राय, पं.जयप्रकाश तिवारी (पूर्व प्रधान), धनीराम सिंह राजपूत (पत्रकार), राजकुमार राजपूत (जुगपुरा), शशिकांत सिंह लोधी एड., देवसिंह लोधी (महेशपुरा), विक्रम सिंह (ठेकेदार), गजेन्द्र सिंह लोधी (नयागांव), जयपाल सिंह (गुरसौरा), शिशुपाल सिंह (बरौदा), रतीराम (पटौरा), बब्लू लोधी, बहादुर सिंह लोधी, पुष्पेंद्र सिंह लोधी (पत्रकार), बलराम सिंह लोधी सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों की सहभागिता रही, जिससे आयोजन एक विशाल जनसमूह का रूप लेता दिखाई दिया। लोगों ने उत्साहपूर्वक इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन ललितपुर ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में सामाजिक एकता और सेवा भावना का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है।

## पटेल समाज का सामूहिक विवाह 12 जोड़ों की बजी शहनाई, धूमधाम से रचाई शादी

ललितपुर। हनुमानजी महाराज रामगढ़ धाम के पावन सानिध्य में सातवां सामूहिक पटेल कुर्मी क्षत्रिय आदर्श कन्या विवाह सम्मेलन अत्यंत भव्यता और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मांगलिक अवसर पर कुल 12 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि के सात फेरे लेकर नव-दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए क्षेत्र के कई दिग्गज राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता जुटे, जिन्होंने नवविवाहित जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

■ सेमरा-गिल्टोरा के रामगढ़ धाम में गूंजी शहनाइयां

वरिष्ठ अतिथियों ने दिया आशीर्वाद सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, अखिल भारतीय कुर्मी महासभा संरक्षक एलपी पटेल, और राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल, रामस्वरूप पटेल और देवेंद्र पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने सामूहिक विवाह को समाज की कुरीतियों को मिटाने वाला एक सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर पूर्व



सपा जिलाध्यक्ष अल्हाप्रसाद निरंजन, जेडीयू की प्रदेश उपाध्यक्ष शालनी चौधरी, अपना दल (क) के महेंद्र पटेल और कुर्मी सेना के अध्यक्ष कमल पटेल ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल फिजूलखर्ची रुकती है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूती मिलती है। सम्मेलन के अंत में अध्यक्ष बाबूलाल लम्बरदार ने पधारे हुए सभी अतिथियों, वर एवं वधु पक्ष के परिजनों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही यह पुनीत कार्य संभव हो पाया है।

### युवा पटेल वाहिनी का रहा विशेष योगदान

पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन और प्रबंधन युवा पटेल वाहिनी के जिलाध्यक्ष सेठ सुजान पटेल की अध्यक्षता में किया गया। वाहिनी के पदाधिकारियों ने महीनों की मेहनत, तन-मन और धन से इस आयोजन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। युवाओं के इस समर्पण की आए हुए अतिथियों और ग्रामीण क्षेत्रवासियों ने जमकर सराहना की। आयोजन के दौरान जहां युवा पटेल वाहिनी की ओर से प्रत्येक जोड़े को भगवान श्रीगणेश का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## प्रजापति समाज का 22वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सफलता पूर्वक किया गया आयोजित

ललितपुर। प्रजापति समाज द्वारा आयोजित 22वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मेलन अध्यक्ष शोभाराम ने की। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सम्मेलन में संरक्षण मंडल से जुड़े पदाधिकारियों के साथ जिला अध्यक्ष हरचरण प्रजापति बाबा, कोषाध्यक्ष सुरेश, उपाध्यक्ष छह बिहार, सचिन भगवान दास



प्रजापति, संगठन मंत्री गणेश, श्रीराम प्रजापति, राधेश्याम, हर प्रसाद सतगता, तथा जिला मीडिया प्रभारी अमित प्रजापति विशेष रूप से शामिल रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक एकता को मजबूत करना और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करना रहा।

# भारतीय जनता पार्टी की मासिक कामकाजी बैठक की गई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की मासिक कामकाजी बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड ने किया । मुख्य वक्ता और जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि ललितपुर का नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम प्रदेश के अच्छे कार्यक्रमों में रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी विभिन्न कार्यक्रम अभियान चला रही है जिन्हें हमें जुट कर पूरा करना है खासकर इसमें जिला पदाधिकारियों के अलावा मण्डल अध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।मेरे लिए वही सबसे अच्छा कार्यकर्ता माना जायेगा जो पार्टी का कार्य निष्ठा लगन से करेगा । मण्डल अध्यक्ष,सैक्टर संयोजकों और बूथ कार्यकारिणी से निरन्तर सम्पर्क में रहें और देखें कि जिनकी कार्य में रुचि नहीं हैं उन्हें पद मुक्त किया जा सकता है । हमें हर कार्यक्रम की फोटो सरल ऐप पर डाउनलोड करना है।

जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड ने कहा कि संगठन ही सर्वोपरि है और हमें भविष्य में आने बाले सभी कार्यक्रम टीम भावना से मिलकर शत प्रतिशत सफल बनाने है । जिला महामंत्री गौरव गौतम ने कहा कि आज की बैठक विशुद्ध रुप से सांगठनिक बैठक है पिछले दिनों हम लोगों ने प्रशिक्षण के माध्यम से भाजपा की रीतियों, नीतियों कार्यप्रणाली को जाना और हमें इन्हीं का अनुपालन करना है ।मन की बात हमें अनिवार्य रुप से आमजन के साथ मिलकर सुनना है ।

कार्यक्रम की शुरुआत में जिला उपाध्यक्ष रुचिका बुन्देला ने उपस्थित पदाधिकारियों की उपस्थिति ली जो सन्तोष जनक थी उन्होंने कहा कि यह चुनावी बर्ष है इसलिए रोज नये अभियान खासकर इस माह नारी शक्ति वन्दन अभियान को लेकर आयेंगे और हमें इन्हें जुट कर सफल बनाना है।बरिष्ठ नेता बब्बू राजा बुन्देला ने कहा कि अगर हम मन की बात कार्यक्रम इसी तरह किया तो अगली बार हम प्रथम स्थान पर होंगे । उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री आदरणीय धर्मपाल जी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन पदाधिकारियों की काम में रुचि नहीं है वह पदमुक्त हो सकते हैं।

अन्त में जिला महामंत्री रजनी अहिरवार ने सभी का आभार किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष हरिराम निरंजन, राजकुमार जैन,बरिष्ठ नेता बब्बू राजा बुन्देला,जिला महामंत्री गौरव गौतम, हरीराम सिंह लोधी एड,रजनी अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष रुचिका बुन्देला,रजनी अहिरवार,अरविंद कौशिक, रमेश कुशवाहा नझाई, अवतार सिंह लोधी,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला मंत्री सुनीता पंथ,ध्रुव सिंह सिसौदिया,दीपक पाराशर,पूजा रैकवार ,जिला कोषाध्यक्ष मनीष सड़ैया, पूर्व महामंत्री बंशीधर श्रीवास ,किरण सेन, बलराम सिंह लोधी, मनविंदर कौर,प्रियंका राजपूत,रानी जहां, भागवती राजपूत, रुपेश साहू, विक्रांत रावत,पार्वती खटीक,लक्ष्मी शर्मा,कुंजावती कुशवाहा ,मण्डल अध्यक्ष गण भगतसिंह राठौर,सोवरन सिंह लोधी,, कृपाल सिंह लोधी,रानी जहां, रामस्वरूप निरंजन, रामगोपाल विश्वकर्मा, बृजेश राजपूत,मोनू पश्तोर पुष्पराज सिंह लवी राजा,मनोज खटीक एड,रोहित रावत, मुलायम सिंह लोधी, संदीप सिंह बुंदेला,सुरेन्द्र राजा,कमलेश तिवारी,रत्तीराम पटैल, प्रमोद नायक, राजबहादुर, रामकिशन राजपूत, लाल सिंह राजपूत , राकेश सिंह,रोशन सिंह,भरत कुशवाहा , विनोद सिंह, राजेन्द्र राजपूत आदि मौजूद थे।

## जिला गंगा समिति की मासिक बैठक की गई आयोजित

# नदी पुनर्जीवन एवं प्रदूषण नियंत्रण पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला गंगा समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई ' बैठक में नदियों के संरक्षण, स्वच्छता और पुनर्जीवन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश तथा संचालन प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन प्रकाश शाक्य द्वारा किया गया '

बैठक में नदी पुनर्जीवन को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले की छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरोद्धार हेतु चल रहे कार्यों में तेजी लाई जाए ' ओड़ी, बानई और अमझिर नदी के जल प्रवाह, जल गुणवत्ता, जैव विविधता, अतिक्रमण, कटाव, ठोस उपशिष्ट प्रबंधन एवं वृक्षारोपण के आधार पर स्टेटस रिपोर्ट तैयार के निर्देश दिए गए ' जल स्त्रोतों के संरक्षण, कैचमेंट एरिया के सुधार तथा जनसहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट की निगरानी को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी उद्योगों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही अपशिष्ट का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही नालों की मैपिंग एवं टैपिंग कार्यों की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रमुख नालों की सही मैपिंग सुनिश्चित कर उन्हें शीघ्रता से टैप किया जाए, ताकि गंदा पानी बिना उपचार के जल संरचनाओं में प्रवाहित न हो। तालबेहट के मानसरोवर तालाब के पुनरोद्धार के लिए कार्य कर रहे प्रकृति रक्षकों की टीम के सदस्य विक्रांत गौर को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया '

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, उपायुक्त श्रम रोज़गार आर के यादव, पंचायती राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश, बेसिक शिक्षा अधिकारी रनवीर सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग विजय चंद्रा, नोडल अधिकारी स्वास्थ विभाग डॉ राजेश भारती, सहायक अभियंता जल निगम ग्रामीण सचिन पचोरी, कनिष्ठ अभियंता नगर पालिका खुशबू खान, बुंदेलखंड सेवा संस्थान सचिव बासुदेव सिंह, अजय जैन, परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे उपस्थित रहे '

## भीषण गर्मी में राहतः भारत विकास परिषद ने शुरू की सार्वजनिक प्याऊ जल सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा जनहित में सराहनीय पहल करते हुए सार्वजनिक प्याऊ (जल सेवा) का शुभारंभ किया गया। यह जल सेवा मवेशी बाजार रावतयाना स्थित एक प्रतिष्ठान पर प्रारंभ की गई, जिससे राहगीरों और आमजन को ठंडे पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद अध्यक्ष रवीन्द्र जैन (बानपुर) द्वारा विधिवत रूप से किया गया।

इस पहल के संयोजक सेवा नीरज समैया की संस्तुति पर यह आयोजन संपन्न हुआ, जिसे क्षेत्रीय लोगों ने काफी सराहा। इस अवसर पर परिषद परिवार के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से मनोज सराफ बल्ली, नरेन्द्र मोदी, आनंद मोहन दुबे, सुबोध गोस्वामी, राजीव जैन रज्जू, डा.जगवीर सिंह, अभिषेक जैन अब्बू मुच्छाल, राजेश जैन बल्ली, नीरज समैया, मनीष समैया, विनय समैया, विपिन जैन रोड़ा, दीपक जैन सिंघई, हेमंत सराफ, विवेक जैन मडवैया, साकेत जैन बड़ेरा, डा.अजय जैन एवं संजीव जैन सौरया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव राजीव जैन रज्जू ने आभार जताया।

## सर्व ब्राह्मण महामंडल जन कल्याण ट्रस्ट का आयोजन

# अगाध श्रद्धाभाव के साथ मनाया भगवान पशुराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सर्व ब्राह्मण महामंडल जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम इलाइट स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर भव्यता के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही हवन पूजन इत्यादि कार्यक्रम हुए। भगवान का अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में विप्रजनों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष हरीशचंद्र रावत ने कहा कि सर्व समाज के हित का चिंतन करना ही विप्र समाज का ध्येय रहा है। हमें समाज में सकारात्मक विचारों से सभी के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए।

समाज में व्याप्त आसुरी प्रवृत्तियों से संघर्ष करने का मार्ग हमें भगवान परशुराम जी ने सिखाया है। इस अवसर पर नेमवि के प्राचार्य डा. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि हम सभी भगवत आराधना, गायत्री साधना एवं उच्च नैतिक मूल्यों को जीवन में धारण करें, तभी वर्तमान की चुनौतियों पर विजय पाई जा सकती है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे ने कहा कि निरंतर रचनात्मक प्रयास ही युवाओं को श्रेष्ठ दिशा की ओर ले जा सकते हैं। ऐसे प्रयास निरंतर होने चाहिए। वहीं बालकृष्ण नायक नन्ना ने समयाकूल परम्पराओं में परिवर्तन के महत्व को रेंखांकित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक गोस्वामी ने ट्रस्ट की आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं विचार गोष्ठी का संचालन पं. रामेश्वर प्रसाद सड़ैया ने किया। सुबह सम्पन्न हुई धार्मिक क्रियाओं में गौरी पूजन, भगवान परशुराम जी का अभिषेक, पूजन, श्रंगार आदि क्रियाऐं वैदिक विद्वान पं. कुलदीप लिटौरिया, सौरभ अग्रिहोत्री ने सम्पन्न करायीं। कार्यक्रम के उपरांत स्नेहभोज का आयोजन किया। इस दौरान पं. अशोक गोस्वामी, आदित्य नारायण बबेले, उमाशंकर बिदुआ, भगवत नारायण बाजपेयी, धर्मेन्द्र पाठक, विलास पटैरिया, रमेशचंद्र, प्रकाश नारायण पटैरिया, कमलापत रिछारिया, अवध बिहारी उपाध्याय, वीरेन्द्र पुरोहित, महेन्द्र अग्रिहोत्री, बृजेश चतुर्वेदी, आनंद कुमार दीक्षित, संतोष चौबे, निखिल तिवारी, अजय नायक, माधव चौबे, रविकांत दीक्षित, संदीप तिवारी, आनंदी लाल शर्मा, राजेन्द्र किलेदार, पुनीत पाण्डेय, गिरीश पाठक सोनू, शिवम देवलिया, अशोक तिवारी, गोलू चौबे, भरत पुरोहित, प्रभाकर शर्मा, महेश मिश्रा, देवेन्द्र चतुर्वेदी, डा. दीपक चौबे, बृजनंदन लिटौरिया, अरूण गोस्वामी, राजेश लिटौरिया, आशीष गोस्वामी, राजेश दुबे, सुरेन्द्र पटैरिया, गौरव गौतम, दीपक पस्तोर, रवि तिवारी कल्लू, जय नारायण चौबे, अवध बिहारी रावत, रामप्रकाश उपाध्याय, सुदामा प्रसाद दुबे, बद्री प्रसाद दुबे, संजू श्रोती, विजय प्रकाश चौबे, रामप्रकाश शर्मा, आनंद गोस्वामी, दीपक पंडा, अनुपम चौबे, प्रभात मिश्रा, सक्षम दीक्षित, भरत रावत, शत्रुघन शुक्ला सहित अनेक विप्रबंधु उपस्थित रहे।

## बड़े भाई ने छोटे को डंडों से पीटा, घायल

# आम तोड़ने को लेकर सगे भाइयों में खूनी संघर्ष, मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुहरगुवां में सोमवार को एक मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया।

खेत में लगे शामिलाती पेड़ से आम तोड़ने को लेकर दो सगे भाइयों के बीच ऐसा विवाद भड़का कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस घटना में छोटे भाई को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम लुहरगुवां निवासी धर्मेंद्र घोष उर्फ हल्के भैया सोमवार दोपहर करीब 1 बजे अपने खेत पर स्थित पेड़ से आम तोड़ने गया था। इसी दौरान मौके पर पहुंचे उसके बड़े भाई देवेंद्र घोष ने इसका विरोध किया, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

### पुलिस सेवा नौकरी नहीं बल्कि जिम्मेदारी है: पुलिस अधीक्षक

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नव नियुक्त 4 आरक्षकों को उनके नियुक्ति आदेश प्रदान किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, सूबेदार उत्तम सिंह तथा एएसआई लक्ष्मीकांत कड़ा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसपी मंडलोई ने जिला पुलिस बल में शामिल होने बाले चार नव आरक्षकों की शुरूआती नीव मजबूत करने के उद्देश्य से उन्हें पुलिस की जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुये कहा कि नौकरी करना अलग बात होती है और नौकरी को निभाना कर्मचारी होता है। और पुलिस का कर्म यही है कि जनता व जरूरतमंदो की मदद कर उन्हें न्याय दिलाये।

# बाल विवाह के खिलाफ अलर्ट, शुभ दिन की आड़ में न हो अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

अक्षय तृतीया का पुण्य तभी सार्थक हो सकता है जब हर बेटी का बचपन सुरक्षित रहे। इसी उद्देश्य के चलते जिले में अक्षय तृतीया जैसे शुभ पर्व को बाल विवाह जैसी कुरीति से मुक्त रखने के लिए कृषक सहयोग संस्थान ने इस दिन को सतर्कता दिवस के रूप में मनाते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। संस्थान ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क जेआरसी के सहयोग से कुंडेश्वर मंदिर, बगाज माता मंदिर सहित अन्य धार्मिक एवं सामूहिक स्थलों के ट्रस्ट व समिति पदाधिकारियों को पत्र भेजकर स्पष्ट किया कि नाबालिगों का विवाह कानूनन अपराध है और इसे रोकने में सभी की जिम्मेदारी तय है।

संस्थान के निदेशक डॉ. एचबी सेन ने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे पवित्र अवसर की आड़ में बाल विवाह जैसे गंभीर अपराध को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने संतोष जताया कि प्रशासन और सामाजिक संगठनों की सक्रियता से पिछले वर्षों में इस दिन होने वाले बाल विवाहों में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन इसे पूरी तरह समाप्त करना अभी बाकी है।

उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत नाबालिग बच्चों की शादी कराना दंडनीय अपराध है। इसमें शामिल होने या किसी भी प्रकार की सहायता देने पर दो साल तक की सजा और जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। डॉ. सेन ने कहा कि कुछ वर्षों पहले तक लोगों में इस कानून को लेकर जागरूकता का अभाव था, लेकिन अब स्थिति बदल रही है और समाज धीरे-धीरे इस कुरीति के खिलाफ खड़ा हो रहा है।

## जिलाधिकारी ने अमरपुर मंडी स्थित क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

# पारदर्शी हो क्रय केंद्रों का संचालन, बिचौलियों पर करें कठोर कार्यवाही : डीएम

क्रय केन्द्रों पर होगी उपजिलाधिकारियों की नजर, बिचौलिये भी रहेंगे रडार पर

बारदाने की उपलब्धता, साफ-सफाई, पेयजल, छायादार स्थान दुरुस्त रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अमरपुर मण्डी समिति परिसर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा संचालित गेंहू क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर गेंहू क्रय, वारदाने की उपलब्धता व भुगतान आदि व्यवस्थाओं जा जायजा लिया। वहीं अधिकारियों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से केन्द्र का भ्रमण करना सुनिश्चित करेगें तथा विचौलियों पर भी सतर्क दृष्टि रखें जिससे केन्द्रों पर कोई अव्यवस्था या कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित समस्त गेहूँ क्रय केन्द्रों पर निगरानी रखेंगें तथा यह सुनिश्चित करेगें कि किसी भी कृषक के नाम से बिचौलिया द्वारा विक्रय का कार्य तो नहीं किया जा रहा है। प्रत्येक केन्द्रों पर राजस्व कार्मिकों की ड्यूटी लगाते हुए बिचौलियों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। क्रय केन्द्रों का संचालन पारदर्शी रूप से हो तथा संदिग्ध व्यक्ति(विचौलियों) पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम विपणन शाखा केन्द्र बांसी एट का निरीक्षण किया, यहां पर केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी/विपणन निरीक्षक सत्यपाल सिंह उपस्थित मिले। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र पर 3000 बोरा(बारदाना) उपलब्ध है और 5269.50 कुन्तल गेंहू का क्रय किया गया है। इस पर केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि क्रय गेंहू को समय से गोदामों पर भिजवाएं, साथ ही किसानों का नियमित रूप से भुगतान भी कराना सुनिश्चित करें तथा कृषकों को बैठने, छाया, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भारतीय खाद्य निगम द्वार संचालित क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी मोहन कुशवाहा ने बताया कि बोरा की उपलब्धता शून्य है और अब तक क्रय केन्द्र पर 5000.00 कुन्तल गेंहू क्रय किया जा चुका है। यहां पर केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये गए कि वे केन्द्र परिसर में साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करें तथा ग्रीष्म ॠतु दृष्टिगत क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों के लिए पीने के लिए पेयजल एवं बैठने आदि समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। पीसीएफ द्वारा संचालित क्रय-विक्रय सह.समि. केन्द्र के निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी कैलाश चन्द्र जैन ने बताया कि अभी तक क्रय केन्द्र में 1250.00 कुन्तल गेंहू की खरीद की जा चुकी है। इस पर निर्देश दिये गए कि केन्द्र परिसर में आने वाले कृषकों के लिए पीने के लिए पेयजल एवं बैठने आदि समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। पीसीएफ द्वारा संचालित बी-पैक्स रोंडा केन्द्र में क्रय केन्द्र प्रभारी जगदीश सिंह नशे की हालत में उपस्थित पाए गए।

क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक क्रय केन्द्र में 376.00 कुन्तल की गेंहू की खरीद की जा चुकी है। इस पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता ललितपुर एवं जिला प्रन्धक पीसीएफ को उक्त स्थिति पर संज्ञान लेते हुए समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए, साथ ही जिला खाद्य विपणन अधिकारी को मण्डी परिसर में संचालित समस्त क्रय केन्द्रों में बोरा(बारदाना) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए समस्त केन्द्रों पर नियमित रूप से उठान सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान अनेकों अधिकारी मौजूद रहे।

### पाटरीकला गांव में एक सकारात्मक पहल देखने को मिली

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह के खिलाफ लिया सामूहिक संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अक्षय तृतीया के अवसर पर जहां परंपरागत रूप से विवाहों की भरमार रहती है, वहीं इस बार पाटरीकला गांव में एक सकारात्मक पहल देखने को मिली। गांव के लोगों ने एकजुट होकर बाल विवाह न करने की शपथ ली और बाल विवाह मुक्त गांव के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया।

महिला बाल विकास विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों का प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। संस्था के कार्यकर्ताओं ने गांव में पहुंचकर समुदाय के बीच बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और विशेष रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को यह समझाया गया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों का हनन है, जो उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस पर सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि वे अब इस प्रथा का समर्थन नहीं करेंगे और अपने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे।

#### भागवत कथा के मंच का किया उपयोग

विशेष बात यह रही कि गांव में आयोजित भागवत कथा के मंच का भी सकारात्मक उपयोग किया गया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे इस कुरीति के खिलाफ आगे आएं और समाज में जागरूकता फैलाएं। भागवत श्रवण करने वाले लोगों ने भी सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे न तो अपने परिवार में और न ही समाज में बाल विवाह होने देंगे। ग्रामीणों ने यह भी संकल्प लिया कि वे आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित, सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे, ताकि एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण हो सके।

## पाटीदार समाज का 42वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित



**सारंगपुर।** पाटीदार समाज का 42वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सोमवार को मास्टरमाइंड कान्वेंट स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से आए कई जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की।सम्मेलन में विवाह संस्कार आचार्य पंडित सुनील कुमार शर्मा (ग्राम कालूखेड़ा) द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराए गए। आयोजन समिति अध्यक्ष मोहनलाल रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 5 से 6 बजे के बीच वर-वधुओं एवं समाजजनों का आगमन हुआ, जिसके पश्चात बारात का स्वागत एवं प्रवेश कराया गया। सुबह 6 से 7 बजे के बीच गणेश पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके बाद मंडप प्रवेश, पैर प्रक्षालन, शुभ लग्न, चंवरी फेरा एवं मंडप बरसाना जैसी पारंपरिक रस्में विधिपूर्वक निभाई गईं। लगभग 11 बजे के बाद नवविवाहित जोड़ों की विदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन समिति द्वारा प्रत्येक जोड़े को कन्यादान स्वरूप अलमारी, बर्तन, पलंग, बिस्तर सहित आवश्यक गृहस्थी का सामान प्रदान किया गया। इस सम्मेलन में राजगढ़, शाजापुर, देवास सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए वर-वधुओं का विवाह संपन्न कराया गया।समिति ने 42वें सम्मेलन की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए घोषणा की कि आगामी 2 मार्च 2027 को 43वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता, नगर समिति के सदस्य एवं आसपास के गांवों से आए समाजजन एवं मातृशक्ति ने सक्रिय सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाया।

### शासन द्वारा काफी अर्से पहले बंद किए जा चुके हैं चेक पोस्ट

# राजस्थान चेकपोस्ट पर अवैध वसूली 2 आरक्षक ग्वालियर अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिले के विभिन्न विभागों में सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। हालिया स्वास्थ्य विभाग की मुखिया सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल जहां एक मामले में 20 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस भोपाल द्वारा रंगेहाथों पकड़ी गई थीं वहीं आरटीओ विभाग के दो आरक्षकों द्वारा जयपुर-जबलपुर मार्ग पर राजस्थान सीमा के नजदीक स्थित बंद हो चुके चेकपोस्ट पर वाहनों से अवैध वसूली के मामले सामने आए थे।

आरक्षकों द्वारा ट्रक चालकों से खुलेआम की जा रही वसूली के वीडियो वायरल होने के बाद परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ने दोनों आरक्षकों को ग्वालियर अटैच करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत आरक्षक आरपी हनोतिया एवं अमित झरवड़े को राजगढ़ कार्यक्षेत्र से हटाकर परिवहन आयुक्त कार्यालय, ग्वालियर संबद्ध कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले की सीमा से सटे राजस्थान के नजदीक स्थित उक्त चेकपोस्ट पर वाहन चालकों से नियम विरुद्ध तरीके से वसूली के मामले अक्सर सामने आ रहे थे। लेकिन इस वसूली के संबंध कोई सटीम सबूत या साक्ष्य न होने के चलते विभाग कार्यवाही नहीं कर पा रहा था। अब वायरल वीडियो के आधार पर विभाग कमिश्नर ने यह कार्यवाही की है।

# बैठक में अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटने के सीईओ ने दिए निर्देश

### क्षीर धारा एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



पशुपालन विभाग द्वारा संचालित क्षीर धारा ग्राम योजना एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लंबित मामलों को लेकर जिला पंचायत सीईओ द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैठक में आधारभूत सर्वेक्षण कार्य को 7 दिवस में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही जिनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया उन्हें नोटिस जारी कर सात दिवस में पूर्ण करने हेतु तल्ख निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही बैठक में बिना अनुमति अनुपस्थित कर्मचारी एवं अधिकारियों को नोटिस जारी कर एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश सीईओ गढ़पाले ने प्रदान किए। इस दौरान निराश्रित पशुओं को गौशाला में भेजने हेतु कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने भी निर्देश दिए एवं प्रत्येक विकासखंड में एक गौशाला को आदर्श गोशाला बनाने हेतु चयन कर कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया। सीएम हेल्पलाइन की अर्से से लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण कर सभी शिकायत बंद करने हेतु उपसंचालक पशुपालन विभाग को निर्देश दिए।

### राहगीरों को परेशानियों का करना पड़ रहा सामना

# अवैध अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था चरमराई, सड़क पर लग रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुराने एबी रोड पर बढ़ते अवैध अतिक्रमण ने शहर की यातायात व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बस स्टैंड क्षेत्र सहित मुख्य हाईवे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सड़क किनारे की जमीन किराए पर देकर अस्थायी दुकानें संचालित करवा दी हैं।

इतना ही नहीं, कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों का विस्तार करते हुए सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है और बाहर तक जूस व अन्य ठेले लगा दिए हैं। इन अतिक्रमणों के कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। व्यस्त समय में बस स्टैंड के आसपास वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्कूल, कॉलेज और कार्यालय जाने वाले लोगों को रोजाना जाम में फंसकर समय बर्बाद करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारियों की उदासीनता के चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है।

#### इनका कहना है...

टीम भेजकर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**दीपक रानवे,** सीएमओ, नगर पालिका सारंगपुर

# छह बीघा जमीन की गलत नपती बनी मौत का कारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शमशाबाद तहसील के ग्राम सांगुल में जमीन की नपती में गड़बड़ी से आहत 60 वर्षीय किसान कालू जाट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों के अनुसार हाल ही में हुई राजस्व नपती में उनकी करीब 6 बीघा जमीन पड़ोसी के खाते में दर्ज हो गई थी। जीवनभर की कमाई और एकमात्र सहारे को कागजों में गायब होता देख किसान गहरे सदमे में था। बताया जा रहा है कि घटना से एक दिन पहले वह राजस्व अधिकारियों के चक्कर काटकर लौटा था। अगले ही दिन उसने अपने खेत पर जाकर फांसी लगा ली। परिवार का आरोप है कि मानसिक आघात और प्रशासनिक उदासीनता ने उसे यह कदम उठाने पर मजबूर किया। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। सांगुल बस स्टैंड पर शव रखकर करीब 2 घंटे तक चक्काजाम किया गया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित पटवारी और आरआई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते शिकायत पर सुनवाई होती तो एक किसान की जान बच सकती थी। अब पूरा गांव न्याय की मांग पर अड़ा है।

मृतक के भाई सूरज सिंह जाट ने थाना प्रभारी शमशाबाद को दिए आवेदन में बताया कि तीनों भाई कालूराम जाट, रमेश कुमार जाट और सूरज सिंह जाट के हिस्से में कुल 6 बीघा जमीन है। इसमें 4 बीघा कालूराम के बेटे गजेंद्र जाट और 2 बीघा रमेश जाट के नाम दर्ज है, जिस पर वे खेती करते आ रहे थे। आरोप है कि 18 तारीख को पड़ोसी की जमीन की नपती के दौरान वीरेंद्र पटवारी ने गलत नपती कर उक्त 6 बीघा जमीन पड़ोसी किसान के हिस्से में दर्ज कर दी। शाम को कालूराम जाट जब बात करने पड़ोसी के घर पहुंचे तो गाली-गलौज हुई। घटना से आहत होकर कालूराम ने फांसी लगा ली। परिजनों ने पड़ोसी किसान सहित पटवारी वीरेंद्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पीपल्या बीजारेल में किशोर की गड्ढे में डूबने से मौत

**जीरापुर।** स्थानीय पुलिस थानांतर्गत ग्राम पीपल्या बीजारेल में एक किशोर की पानी के गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गांव के धर्मराज पिता मोहनलाल बागरी 13 वर्ष रविवार शाम को गांव में ही खुले स्थान पर खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में गिर गया। जब देर रात्रि तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान पता चला कि वह गड्ढे में गिर गया है। परिजन और ग्रामीण ने तत्काल उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। किषोर के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

# अज्ञात कारणों के चलते महिला की मौत, पीएम उपरांत शव दफनाया



**सारंगपुर।** रविवार को बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में एक अज्ञात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार महिला बीमार अवस्था में प्रतीक्षालय में बैठी हुई थी। स्थानीय लोगों ने उसकी हालत को देखते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार शुरू किया गया। हालांकि उपचार के दौरान महिला की स्थिति बिगड़ती गई और अंततः उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने महिला के पास मिले मोबाइल फोन के आधार पर उसके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया। जांच के दौरान महिला की पहचान मीना, पिता गोकुल 40 वर्ष निवासी सेमली (नलखेड़ा) के रूप में हुई। पुलिस द्वारा मृतका के पति को सूचना दी गई, लेकिन लंबे समय तक इंतजार करने के बावजूद कोई भी परिजन अस्पताल नहीं पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए महिला का पोस्टमार्टम (पीएम) करवाया। पीएम के उपरांत शव को नियमानुसार दफना दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल ने किए कार्यक्रम, नपाध्यक्ष पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल द्वारा अग्रवाल धर्मशाला स्थित तारा देवी हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृ शक्तियों ने दीप प्रज्वलन से किया।

मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं संयोजक रितु देवलिया सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। श्री महाकाल संस्कृत पाठशाला के बटुकों ने स्वस्तिवाचन कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रोमा अधिकारी डांस ग्रुप व पूनम शर्मा डांस ग्रुप ने शास्त्रीय नृत्य और नाट्य मंचन से सभी का मन मोह लिया। महिला सशक्तीकरण आधारित नाटक एवं कामेष्टि यज्ञ की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और अक्षय मेला में लगे स्टॉलों ने कार्यक्रम को विशेष रूप से जीवंत बनाया।

# प्रेस एसोसिएशन के चुनाव संपन्न अंसारी निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत



**सारंगपुर।** रविवार को प्रेस एसोसिएशन सारंगपुर की बैठक स्थानीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक संगठन के संरक्षक कैलाश शर्मा एवं निवर्तमान अध्यक्ष अमित कुमार सक्सेना की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही नए अध्यक्ष के चयन पर विचार-विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से संगठन के सक्रिय सदस्य इफ्तिखार अंसारी को आगामी वर्ष के लिए प्रेस एसोसिएशन का निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने पूर्व अध्यक्ष अमित सक्सेना एवं सचिव शोएब हसन राही का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। वहीं नव-निर्वाचित अध्यक्ष इफ्तिखार अंसारी का साफा बांधकर स्वागत किया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष इफ्तिखार अंसारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी साथियों ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए सभी सदस्यों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य सक्रिय पत्रकारों को भी सहमति के आधार पर संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार कैलाश शर्मा, अमित सक्सेना, महेश पुष्पद, शफीक अंसारी, शोएब हसन राही, नवीन रुण्डवाल,राजेश बंसल, मनोज पुष्पद एवं रविंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर बोले विहिप जिलाध्यक्ष

# हिंदुओं को अपने अंदर के परशुराम को जगाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भगवान विष्णु के छटवें अवतार भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा स्थानीय अंजनीलाल धाम मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के साथ विविध आयोजन रखे गए। कार्यक्रम में संकल हिन्दू समाज को आमंत्रित करते हुए भगवान परशुराम के चरित्र, गुण और उनसे सीखने वाली बातों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जिस काल में भगवान परशुराम अवतरित हुए थे, उस काल में उन्होंने समस्त अत्याचारियों का पृथ्वी से समूल विनाश कर दिया था। इसी प्रकार आज हिंदू समाज को संगठित होकर अपने अंदर के परशुराम को जागना होगा। उन्होंने कहा कि समाज को विपदा में डालने वाले, समाज पर प्रहार करने वाले विभिन्न समुदायों को पहचानकर उन पर कड़ा प्रभार करना आज नितांत आवश्यक हो गया है। कार्यक्रम उपरान्त मंदिर में महाआरती की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र जोशी काका, अध्यक्ष पीयूष दुबे, ब्रह्माकुमारी संस्था प्रमुख सुरेखा दीदी, विहिप जिला मंत्री मयंक जायसवाल, सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा, धर्म प्रसार प्रमुख संतोष कटारे, नगर मंत्री लोकेश शर्मा, समाजसेवी हेमंत जोशी सहित अनेकों महिला-पुरुष उपस्थित थे।



#### पंचकुंडीय यज्ञ का किया आयोजन

परशुराम जयंती के अवसर पर स्थानीय शिवजी की छतरी के समीप स्थित यज्ञ स्थल पर पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन विप्रजनों द्वारा किया गया। इस दौरान समाजजनों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना करते हुए यज्ञवेदी में आहुतियां डालीं। इस अवसर पर अजय शर्मा, ओपी शर्मा, सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर पुरुषोत्तम शर्मा, हरीश व्यास, प्रेमनारायण शर्मा, आनंद शर्मा, मनोज दवे, आलोक तिवारी सहित अन्य विप्रजन उपस्थित रहे।